आपको निष्क्रिय क्षय रोग (टीबी) संक्रमण के लिए अपनी दवा के बारे में क्या जानने की ज़रूरत है

ISONIAZID (आइसोनियाज़िड)

आपकी निष्क्रिय क्षय रोग (टीबी) संक्रमण का उपचार करने के लिए आपको दवा दी गई है। आपको टीबी रोग नहीं है और आप दूसरों तक टीबी नहीं फैला सकते। यह दवा आपको टीबी रोग होने से रोकने में मदद करेगी।

जब इस दवा को ले रहे हों तो:

- अपने डॉक्टर या नर्स को बताएं यदि आपके दवा से संबंधित कोई सवाल या चिंताएं हैं।
- अपनी निर्धारित क्लिनिक विज़िट पर जाएँ।
- किसी अल्कोहल उपयोग के बारे में अपने डॉक्टर के साथ चर्चा करें। अल्कोहल का उपयोग दुष्प्रभाव का कारण बन सकता है।
- अपने डॉक्टर को उन सभी अन्य दवाओं के बारे में बताएं जिन्हें आप ले रहे हैं।
- अपने अन्य डॉक्टरों को यह बताना सुनिश्चित करें कि आपके निष्क्रिय टीबी संक्रमण का इलाज किया जा रहा है।
- अपनी सारी दवाएं वैसे ही लें जिस तरह आपको आपके टीबी डॉक्टर या नर्स ने बताया हो।
- कुछ लोगों में ऐसा होता है कि भोजन के साथ ली गई दवा उन्हें कम प्रभावित करती है।

अपनी दवा लेने में आपकी मदद के लिए सुझाव:

✓ अपनी दवा हर दिन एक ही समय पर लें।
✓ जब आपको अपनी दवा लेनी हो, तब उस समय के लिए अलार्म रिमाइंडर सेट करें।
✓ परिवार के किसी सदस्य या मित्र को याद दिलाने के लिए कहें।
✓ दवा बॉक्स का उपयोग करें।
✓ अपने आईने या फ्रिज पर रिमाइंडर नोट रखें।
✓ जब आप अपनी दवा लेते हैं तो उस दिन पर निशान लगाने के लिए कैलेंडर का उपयोग करें।

निष्क्रिय टीबी संक्रमण दवा समय-सारणी:

(प्रदाता: उचित समय-सारणी, दिनों और गोलियों की उपयुक्त संख्या को दर्शाएं)

दवा	समय-सारणी	दिन	प्रति दिन गोलियों की संख्या	समयावधि
आइसोनियाज़िड	☐ प्रतिदिन	हर दिन		9 महीने
	☐ हफ्ते में दो बार*	सो मं बु गु शु श रवि		

हो सकता है कि आपके डॉक्टर ने आपको आपकी दवा के साथ विटामिन बी6 दिया हो।

ध्यान दें: जब आइसोनियाज़िड को सप्ताह में 2 बार लिया जाना हो, तो इसे प्रत्यक्ष प्रेक्षित थिरैपी (DOT)* द्वारा दिया जाना चाहिए।

अगर आप अपनी दवा लेना भूल जाते हैं: अगर अभी भी वही दिन है, तो जैसे ही याद आए अपनी खुराक ले लें। अगर दिन बीत चुका है, तो छूटी हुई खुराक को छोड़ दें और अपनी अगली तय की गई खुराक लें – एक ही समय पर 2 खुराकें न लें।

ध्यान दें

मेरे डॉक्टर का नाम:______________________________
मेरे क्लिनिक का नाम:______________________________
मेरे क्लिनिक का टेलीफोन नंबर:______________________________

इन संभावित समस्याओं पर नज़र रखें:

तुरंत अपनी दवा लेना **बंद** करें **और** अपने टीबी डॉक्टर या नर्स को फोन करें, यदि आपको नीचे दिए में से कोई समस्याएँ हों:

- कम भूख, या भोजन के लिए कोई भूख न होना
- पेट में गड़बड़ी (अजीर्ण) या पेट में ऐंठन
- मतली या उलटी होना
- हल्का काला रंग का मूत्र या हल्का पीला मल आना
- ददोरा या खुजली
- त्वचा या आँखों का पीला होना
- आपके हाथों या पैरों में झुनझुनी या उनका सुन्न होना

*प्रत्यक्ष प्रेक्षित थिरैपी (DOT)

आप हर सप्ताह अपनी दवा लेने के लिए किसी स्वास्थ्य देखभाल कर्मी से मिलेंगे। इस योजना को प्रत्यक्ष प्रेक्षित थिरैपी कहा जाता है।

DOT आपकी कई तरह से मदद कर सकती है।

- स्वास्थ्य देखभाल कर्मी आपकी दवा लेने के लिए आपको याद रखने में मदद करता है।
- आप अपना इलाज जितनी जल्दी हो सके, उतनी जल्दी पूरा करेंगे।
- स्वास्थ्य देखभाल कर्मी सुनिश्चित कराएगा कि दवा लेने पर आपको समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ रहा है।

Centers for Disease Control and Prevention Division of Tuberculosis Elimination से अनुकूलित जानकारी

SNTC को एक cooperative agreement #U52PS004089 के माध्यम से Centers for Disease Control and Prevention द्वारा वित्त पोषित किया जाता है

Published 2018 – Hindi

Southeastern National Tuberculosis Center | UF UNIVERSITY of FLORIDA